भोजपुर क्लब में पुस्तक का विमोचन

सच्चाई को बयां करती रिएलिटी बाइट्स

हरिभूमि न्यूज़. भोपाल

इस किताब में इस बात को ध्यान में रखा गया है कि कॉर्पोरेट और भविष्य में भी किसी संगठन के लिए एकमात्र प्रतिस्पर्धी केवल 'लोग' हैं। इस किताब में किसी भी संगठन के कर्मचारी के सम्पूर्ण जीवन चक्र को शामिल किया गया है। पुस्तक में भर्ती से लेकर रिटेंशन तक, पुरस्कारों का महत्व और अंततः पुस्तक में, सफलता एवं ग्रोथ के लिए सर्वश्रेष्ठ नीतियों का समावेश है...यह कहना है जानी मानी मानव संसाधन विशेषज्ञ व लेखिका अपर्णा शर्मा का। अपर्णा ने, अपनी पुस्तक 'रियलिटी बाइट्स - ए टेल ऑफ एच आर इन ट्वेंटी फर्स्ट' के लोकार्पण के अवसर पर उपरोक्त कथन कहे। इस पुस्तक का

भोजपुर क्लब में लेखिका अपर्णा शर्मा की पुस्तक रियलिटी बाइट्स का विमोचन करते अतिथिगण।

लोकार्पण सीआईआई यंग इंडियन्स, भोपाल के चेयरमैन राकेश सुखरामानी द्वारा, शुक्रवार को [illegible] भोजपुर क्लब में किया गया। अपर्णा कहती है कि किसी भी संगठन को सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बढ़त दिलाने में, उसमें काम करने वाले लोगों की भूमिका सबसे अहम होती है। अपने लोगों को अच्छी तरह से मैनेज करने में फेल हो जाता है।

एचआरडी स्पीक कार्यक्रम को भी संबोधित किया...

शुक्रवार शाम को ही भोजपुर क्लब में इस इवेंट के अतिरिक्त [illegible] द्वारा आयोजित 'एचआरडी स्पीक' कार्यक्रम को भी अपर्णा शर्मा ने संबोधित किया। इस इवेंट के [illegible] के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'एचआर स्ट्रेटेजी - बैंडविड्थ अलाइनमेंट' रखा गया था। सुश्री शर्मा ने एचआर के क्षेत्र में आए नये नवीनतम बदलावों, बेस्ट प्रैक्टिसेस, एम्प्लॉयर ब्रांडिंग व इनोवेटिव विषय पर विचार व्यक्त किए।